डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा. अ. 16/14

13 अगस्त 2018

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी प्रख्यात लेखक, नोबेल पुरस्कार विजेता तथा साहित्य अकादेमी के मानद महत्तर सदस्य श्री विद्याधर सूरजप्रसाद नायपॉल के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करती है। श्री नायपॉल ने विभिन्न दृष्टिकोणों से उपनिवेशवाद का मूल्यांकन किया तथा अनेक व्यावहारिक अनुभवों का प्रतिनिधित्व किया। श्री वी.एस. नायपॉल को नोबेल पुरस्कार देते हुए स्वीडिश अकादेमी ने उल्लेख किया था कि ''असल में, वे एक साहित्यिक यात्रा करने वाले अपने अद्वितीय मतों में अपनी तरह के ही थे।'' सर वी.एस. नायपॉल बेशक इस नश्वर दुनिया से चले गए हैं, किंतु *द मिस्टिक मेस्सयूर, ए हाउस फॉर मिस्टर बिश्वास, द लॉस ऑफ़ एल डोराडो, ए बेंड इन द रिवर* तथा उनके समस्त कार्य सदा जीवित रहेंगे। श्री वी.एस. नायपॉल जैसी क्षमता के लेखक अक्सर देखने को नहीं मिलते तथा यह अकादेमी का सौभाग्य है कि उसने सर वी.एस. नायपॉल को अपनी मानद महत्तर सदस्यता से सम्मानित किया। उन्होंने लेखकों की दो पीढ़ियों को प्रेरित किया तथा आनेवाले समय में समस्त भाषाओं के लेखकों को भी निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in